


# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व की प्रमुख नदियाँ




## काव्य मंजरी

### शैक्षिक कविताओं का संकलन

संकलन:- काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

### 01

# नील नदी




संसार की लम्बी नदी में आती,
अफ्रीका में पायी जाती।
विक्टोरिया से भूमध्यसागर,
नील नदी है नाम कहाती।।



मिस्र की प्राचीन सभ्यता या,
चाहे अस्वान बाँध बनाती।
नील नदी में भूमध्यसागरीय,
है जलवायु पायी जाती।।

उच्च तापमान वर्ष भर वर्षा,
सदाबहार वनों की बहार आती।
खजूर, कँटीले वृक्ष यहाँ पर,
वर्षा है जाड़ों में आती।।

गोंद यहाँ पर पाया जाता,
सहायक नीली नील है आती।
नीलोस से नील नदी नाम,
भाषा यूनानी से उत्पत्ति आती।।




रचना
आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
क० वि० शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

शिक्षा का उत्थान | शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

## 02

## अमेजन नदी

6992 किलोमीटर में है फैली,
विश्व की सबसे चौड़ी नदी।
एण्डीज पर्वत माला से निकलती हुई,
अटलांटिक महासागर में गिरती यह नदी।।



पुलों का अभाव है दर्शाती,
प्रवाह क्षेत्र में वृहत्तम नदी कहलाती।
पर्यावरण संतुलन को हैं बनाते,
पृथ्वी का फेफड़ा इसके जंगल कहलाते।।

ब्राजील पेरु इक्वाडोर में यह फैली,
कोलम्बिया से सूरीनाम तक जाती।
पेरू के हुंकायो राज्य में है उद्गम,
अनेकों प्रजातियाँ मछली की पायी जाती।।

ब्राजील का मनौस,
इस नदी के तट।
दाएँ से मदीरा तापजोस,
नदी मिलती आकर।।




रचना-
आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर
सुरसा, हरदोई





# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

03

## सीन नदी

देखो मध्यवर्ती फ्रांस के,
पठार से निकलती।
फैशन की नगरी जो,
पेरिस से होकर गुजरती।।



777 किलोमीटर,
लम्बाई है इसकी।
महत्वपूर्ण भूमिका,
यूरोप में है जिसकी।।




अपवाह तंत्र इसका,
कृषि के लिए जरुरी।
बाढ़ आने पर इसमें घर में,
रहना लोगों की मजबूरी।।

सीन नदी पर आन्तरिक
रेल मार्ग का निर्माण हुआ है।
देखो इसको यूरोस्टार,
नाम दिया गया है।।



रचना:
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

04

### *ब्रह्म पुत्र नदी*

भारत की सबसे बड़ी नदी,
दुनिया में तीसरे क्रम पर है।
ब्रह्म पुत्र है नाम उसका,
जो "चलता महासागर" है।।





तेइस सो नब्बे मील है,
जिसकी कुल लम्बाई।
कहीं है पतली और कहीं,
अधिक है इसकी चौड़ाई।।



उद्गम इसका मानसरोवर,
है सम्बन्धित तीन देश से।
बहकर है गुजरती यह,
भारत-चीन-बांग्लादेश से।।


आसाम से होती हुई,
बांग्लादेश से गुजरती है।
बंगाल की खाडी में जाकर,
डेल्टा गंगा की मिलती है।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
ब्लॉक धनीपुर
जनपद अलीगढ़



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

05

### ह्वांग हो नदी



ह्वांग्हो नदी चीन से होकर बहती है,
लम्बाई में नदियों में सातवाँ स्थान रखती है।
तीन हजार बर्ष पुरानी पीली मिट्टी, पीला पानी है,
अधिक पानी हो जाने पर विस्फोटक भी होती है।।



नदी की लम्बाई 5494 किलोमीटर है,
चीन की सभ्यता से नदी को जोड़ते हैं।
चीन की समृद्धि, हरियाली का कारण है,
इसलिए इसे "मदर रिवर" भी कहते हैं।।



चीन की जनता नदी में प्रतिवर्ष,
आयी बाढ़, सूखा को झेलते हैं।
नौ प्रान्तों से होकर बहती,
प्रकोप से ड़र प्रतिवर्ष सफायी करते हैं।।

अधिकाधिक आबादी का,
नदी भरण-पोषण करती है।
भूमि की सिंचाई करे नागरिकों को,
पीने का पानी उपलब्ध कराती है।।



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

**06**

### लीना नदी



उत्तर एशिया के पूर्वी में,
साइबेरिया क्षेत्र की है नदी।
दुनिया की 11वीं सबसे लम्बी,
रूस में बहती है ये नदी।।



बैकाल पर्वत से निकल एक,
संकरी खाड़ी में गिरती है।
किरेगां, वितिम, ओल्योकोमा,
नदियाँ इसमें आकर मिलती हैं।।

याकुत्स्क पठार उतर कर,
मैदानी इलाके में आती है।
उत्तर को बहती जाती जहाँ,
अल्दान नदी विलय हो जाती है।।

वर्ष में सात- आठ महीने,
तक यह जमी रहती है।
बसन्त ऋतु के मौसम में,
यह पिघलने लगती है।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि०- भौंरी-1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान | शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

07

## हडसन नदी

हडसन नदी का क्षेत्र है,
तीन सौ पन्द्रह मील बड़ा।
हेनरी हडसन के नाम पर,
इसका नाम हडसन पड़ा।।



न्यूयॉर्क शहर की रौनक,
हडसन पर आकर ठहरी।
जबकि हडसन नदी है,
असामन्य रूप से गहरी।।

यह बहती एडिरोंडैक्स से,
स्टैचू ऑफ लिबर्टी के बीच।
न्यूयॉर्क से न्यूजर्सी प्रान्त तक,
यह देती है सीमा खींच।।




न्यूयॉर्क से पैंसठ मील दूर,
बसा है एक शहर डेकोन।
जहाँ हुआ देश का पहला,
कला व साहित्य आन्दोलन।।


रचना-
फ़राह हारून"वफ़ा" (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

08

## टेम्स नदी



ब्रिटेन में नदियों की रानी,
कहानी जिसकी बड़ी पुरानी।
सबकी जानी और पहचानी,
स्वच्छ और निर्मल इसका पानी।।

टेम्स नदी में कुछ तो खास है,
नदी नहीं पूरा इतिहास है।
लन्दन टॉवर इसके किनारे,
यहाँ पर दिखते अजब नज़ारे।।

सेवन स्प्रिंग्स से है उद्गम,
व्यस्त जलमार्ग है हरदम।
ऑक्सफोर्ड और रेडिंग न्यारे,
शहर हैं नाना बसे किनारे।।


346 किमी यात्रा सारी,
प्रमुख शहरों में रहती जारी।
विंडसर, ईटन, लन्दन को भाती,
इंग्लिश चैनल में गिर जाती।।

रचना- दीपक कौशिक (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय भीकनपुर बघा
विकास क्षेत्र- कुंदरकी
जनपद- मुरादाबाद





# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

09

### सिन्धु नदी



सिन्धु नदी की गौरव गाथा,
सुन लो लहर सुनाए।
महाद्वीप एशिया की सबसे,
बड़ी नदी ये कहाए।।

भारत, पाकिस्तान, चीन के,
मध्य जो बहती जाए।
इंडस रिवर है नाम दूसरा,
अरब सागर में जा मिल जाए



सिन्धु नदी का उद्गम स्थल,
मानसरोवर की जलधारा।
इकतीस सौ अस्सी किलोमीटर,
में बहता इसका जल सारा।।

सिन्धु नदी की पाँच उपनदियाँ,
चन्द्रभागा, विपासा हैं।
ईरावती, शतद्रु, वितस्ता,
पाँचों से सम्पन्नता की आशा है।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवां, सीतापुर



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व की प्रमुख नदियाँ

10


## जायरे नदी

जायरे नदी की कहानी,
आज सुनाते हैं जुबानी।
अफ्रीका की है प्रमुख नदी,
अन्य नाम इसका कांगो नदी।।

अमेज़न उपरान्त विश्व में,
है विशाल जल प्रवाह।
सहायक नदी कसाइ-उबाँगी से,
मिला इसको दृढ़ प्रवाह।।

है विश्व की सबसे गहरी नदी,
दो बार भूमध्य को काटती।
लम्बाई में पाया नौवाँ स्थान,
दुर्लभ जीवों को मिला शरण स्थान।।

जलसंभर है इसका विस्तृत,
घने जंगल से गुजरे करें विस्मृत।
4000 दीपों को है बसाती,
अटलांटिक में विलय हो जाती।।




रचना- दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां
सालारपुर, बदायूँ





# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

11

### मैकेंजी नदी



उत्तरी अमेरिका,
कनाडा देश का।
विशाल आधार,
बहती जलधार।।

बहती नदी,
मैकेंजी नदी।
आर्कटिक सागर,
गिरती जलधार।।



मिसीसीपी नदी,
सबसे बड़ी नदी।
उसके बाद,
मैकेंजी नदी।।

बनती सबसे,
बड़ी नदी।
मिलकर सब,
सहायक नदी।।

लम्बाई बनती,
जब मिलने से।
बहतीं हैं जब,
सहायक होने से।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- रजत कमल वार्ष्णेय
(स०अ०)
प्रा० वि० खंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

12

## मरे-डार्लिंग



ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की,
मरे-डार्लिंग मुख्य नदियाँ।
मरे मुख्य और डार्लिंग सहायक,
१६०० मील चलती सखियाँ।।

ग्रेट डिवाइडिंग रेंज से उद्गम,
इनकाउंटर की खाड़ी में संगम।
समतल उपजाऊ है बेसिन,
भूमध्य सागरीय जलवायु उत्तम।।

घास के मैदान बहुतायत हैं,
व्यवसाय कृषि पशपालन है।
न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया,
विशाल क्षेत्र इसमें शामिल हैं।।

रचना- सीमा मिश्रा (स०अ०)
कंपोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद




# विश्व की प्रमुख नदियाँ

13

## वोल्गा नदी

रूस की लम्बी नदी है वोल्गा,
सहायक नदियाँ अका, ऊँझा, कामा।
यूरोप की है प्रमुख नदी,
कैस्पियन सागर में गिरती।।



नदी किनारे प्रमुख शहर,
स्टालिनग्रैंड, गोर्की, सराटक।
वसंत ऋतु में बढ़ता जलस्तर,
जिससे बढ़ता कैस्पियन सागर।।

गहराई होती है परिवर्तित,
ऋतु व स्थान के मुताबिक।
रूस का महत्वपूर्ण है जलमार्ग,
मास्को को जोड़ता है यह मार्ग।।


रचना- सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
शि० क्षे०- खजुहा
जनपद- फतेहपुर





शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व की प्रमुख नदियाँ

14

## नाइजर नदी



पश्चिमी अफ्रीका में स्थित,
नाइजर वहाँ की प्रमुख नदी।
नील और कांगो के बाद,
तीसरी सबसे लंबी नदी।।

सिएरा लियोन में स्थित,
लोमा पर्वत से पहाड़ी में।
समुद्र से विमुख होकर बहती,
गिरती गिन्नी खाड़ी में।।

इसकी धारा में अनगिनत,
पड़ती चट्टानें और झरने।
फिर भी इसका मध्य भाग,
नौकाओं को देता चलने।।

रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़





# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व की प्रमुख नदियाँ

## 15 मिसिसिपी नदी



बच्चों मुझे पहचानो मैं मिसिसिपी नदी हूँ,
मुझे बहुत सी उप नदियाँ पानी प्रदान करती हैं।
मैं अपने बहाव से इतनी उपजाऊ मिट्टी डालती हूँ,
कि विश्व के सबसे उपजाऊ क्षेत्र बनाती हूँ।।

मेरा मूलनाम अमेरिकी आदिवासी भाषा से आता है,
इस भाषा में मेरा अर्थ महान नदी कहलाता है।
मेरी यू० एस० ए० इतिहास में बहुत अहम भूमिका है,
मेंने हजारों साल आदिवासियों को सींचा है।।

मैं उ०अमेरिका की सबसे बड़ा नदी मंडल बनाती हूँ,
मैं विश्व की चौथी सबसे लम्बी नदी कहलाती हूँ।
प्रति घंटे बहाव की मात्रा में 10 वीं सबसे बड़ी नदी हूँ,
मैं पूरी तरह से यू० एस० ए० के भीतरी क्षेत्र में बहती हूँ।।

मेरा स्रोत मिनेसोटा राज्य की इतास्का झील है,
मैं डेल्टा बनाकर मेक्सिको की खाड़ी में विलय होती हूँ।
अमेरिका के पूर्वी और पश्चिमी भाग के बीच की,
बच्चों मैं ही सीमा रेखा बनाती हूँ।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
रचना- गुलफ्शाँ (स०अ०)
प्रा० वि० केवटरा बेंता
देवमई, फतेहपुर

# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व की प्रमुख नदियाँ

### रचनाकारों की सूची

01- आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
02- आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
03- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
04- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
05- नैमिष शर्मा, मथुरा
06- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
07- फ़राह हारून, बदायूँ
08- दीपक कौशिक, मुरादाबाद
09- शिखा वर्मा, सीतापुर
10- दीपिका जैन, बदायूँ
11- रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
12- सीमा मिश्रा, फतेहपुर
13- सुमन पांडेय, फतेहपुर
14- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
15- गुलाफ्शां, फतेहपुर

तकनीकी सहयोग:-जितेंद्र कुमार बागपत
मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद